वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-191 सागवाड़ा, शनिवार, 19 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सूरजगाँव में बुजुर्ग दम्पत्ति की हत्या का मामला, भतीजा ही निकला हत्यारा, सागवाडा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

सागवाडा। डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के सुरजगांव में चार दिन पहले एक बुजुर्ग पति पत्नी की हत्या की वारदात का सागवाडा थाना पुलिस ने आज खुलासा कर दिया हैं। पुलिस ने मृतक दम्पत्ति के भतीजे को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसने हत्या करना कबूला है। पुलिस उप अधीक्षक नरपतसिंह ने बताया की 15 मार्च की रात के समय सूरजगांव में एक फार्म हाउस पर रखवाली कर रहे पति पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी। 62 वर्षीय सवजी ओर उसकी 57 वर्षीय पत्नी मान के शव उसी कमरे में लहूलुहान हालत में मिले थे। घटना के बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया था। वही पुलिस ने डबल मर्डर की जांच शुरू कर दी थी। डिप्टी नरपतसिंह ने बताया की जांच के दौरान परिवार में भतीजे 27 वर्षीय कमलेश पुत्र भाणजी डोडियार मीणा पर शक हुआ। पुलिस ने कमलेश की गतिविधियों पर निगरानी रखना शुरू कर दिया। कमलेश नदी के आसपास छुपते फिर रहा था। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपी कमलेश ने पुलिस को बताया की वह अपने भतीजी के ढूंढ के निमंत्रण देने काका सवजी के घर गया था। निमंत्रण देने के बाद उनके घर के पिछवाड़े में शराब पी और वापस घर चला गया।

लेकिन उसे फिर से शराब पीने का हुआ तो रात करीब 10 बजे बाद वापस काका सवजी के घर के पीछे गया। रात का अंधेरा होने से सवजी को चोर होने का संदेह हुआ। इस पर सवजी छूरा लेकर गया। कमलेश ने वही छूरा सवजी से छीन लिया और सवजी का गला काट दिया। उसी दौरान सवजी की पत्नी मान उठ गई और पति को मार दिया चिल्लाने लगी। कमलेश ने उसी छुरे से मान का भी गला काट दिया। इससे दोनों वही खांट पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद दूसरे दिन लोगों की भीड़ के साथ ही आरोपी कमलेश भी शामिल हो गया और पुलिस पर हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर दबाव बनाने लगा। पुलिस ने आरोपी कमलेश को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

कोकापुर में होली के धधकते अंगारों पर चले गांव के लोग, निरोगी और खुशहाली की मुराद

कोकपुर। होलिका दहन के बाद दूसरे दिन आज शुक्रवार को कोकापुर गांव में ग्रामीणों ने दहकते अंगारों पर चलने की परम्परा का निर्वहन किया। इस दौरान ढोल कुंडी की थाप व होली माता के जयकारों के बीच ग्रामीण ने अंगारों में होकर गुजरे।

प्रदेश के आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले में भी होली पर अलग-अलग परम्पराओं का निर्वहन सदियों से लोग करते आ रहे है। उन्ही परंपराओं में से एक परंपरा है दहकते अंगारों पर चहलकदमी करने की सुनकर व देखकर आश्चर्य जरूर होगा, लेकिन वाकई में डूंगरपुर जिले के कोकापुर गांव में होली के अवसर पर जलती होलिका पर चलने की परंपरा है जो अपने आप में क्षेत्र का अनोखा है। परंपरानुसार होलिका दहन के दूसरे दिन सुबह सैकड़ो लोग होलिका स्थल पर इकट्ठे हुए। निरा देवी कलाल बताती है की जलती होली के दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर पुरानी मान्यताओं को पूरा किया। ढोल - कुंडी की थाप पर सैकड़ो लोग जुटे। ढोल की थाप पर गैर खेलते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। गांव के हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद होली के जलते अंगारो पर चलने की परंपरा का निर्वहन किया गया। गांव बुजुर्ग हो या युवा सभी ने दहकते अंगारों में चहलकदमी करते हुए सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन किया। वही गांव में खुशहाली की कामना की। गांव के विपिन गांधी, कांतिपूरी गोस्वामी लालजी भाई पाटीदार, रमण भाई पाटीदार, दलजी पाटीदार, कुश गोस्वामी, कानजी भाई, जितेन्द्र कलाल, रमेश, कमल, राजेश, रितिक समेत कई लोग धधकते अंगारों से गुजरे। विकास मेहता, नरेश कलाल, निरा कलाल, पुरुषोत्तम कलाल, शिवराम पाटीदार, मोगजी पाटीदार, लोकेश उपाध्याय,इन्द्रप्रकाश उपाध्याय, कमलेश, लवजी, हरीश, दिनेश, पवित्रा जोशी मौजुद रहें।

गांव में मान्यता है की होलिका दहन से बाद दहकते अंगारों पर चहलकदमी करने से गांव पर कोई विपदा नहीं आती और गांववासियों का स्वस्थ्य भी ठीक रहता है। इस परम्परा को देखने आसपास के कई गांवों के लोग कोकापुर पहुंचे।

धुलंडी पर जमकर लगाया रंग गुलाल

होली के दूसरे दिन जिलेभर में धुलंडी खेली गई। बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाए सभी सुबह होते हो रंग गुलाल लेकर टोलियों में निकल गए। सभी लोगो ने एक दूसरे को जमकर रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दी।

वहीं लोगो ने ढोल व कुंडी की थाप पर गैर खेली। 2 साल बाद होली से हटे कोरोना के साए से लोगो में जबर्दस्त उत्साह नजर आया। सुबह से शुरू हुआ रंग गुलाल और होली खेलने का दौर दिनभर चलता रहा।

पथराव में आधा दर्जन लोगो को आई चोट, गंभीर एक घायल को जिला अस्पताल में करवाया भर्ती

पुरानी रंजिश के चलते दो घरो पर दो दर्जन से अधिक लोगो ने किया पथराव

आसपुर। जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के बांदीघाटी गाँव में बीती रात पुरानी रंजिश के चलते दो दर्जन से अधिक लोगो ने पुलिस की मौजूदगी में दो घरो पर पथराव कर दिया। पथराव में आधा दर्जन लोगो को चोटे आई है वही गंभीर एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट देने के बाद भी पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया । जिले के दोवडा क्षेत्र के बांदीघाटी निवासी जीवराम और लक्ष्मण ने बताया की उसी गाँव के अमृतलाल से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते कल रात को अमृतलाल तीन गाडिया में 25 से 30 लोग लेकर उनके घरो के आसपास चक्कर लगा रहा था। अनहोनी की आशंका के चलते उसने पुलिस को सुचना दी थी । सुचना पर गश्ती दल मौके पर भी पहुंचा था। इस दौरान गश्तीदल को देखकर सभी लोग भाग गए। लेकिन कुछ देर बाद सभी लोग लाठिया, तलवार व पत्थर लेकर वापस आये 7 इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में 25 से 30 लोगो ने उनके घरो पर पथराव शुरू कर दिया 7 पथराव में जीवराम व लक्ष्मण के परिवार के 6 लोगो को चोटे आई वही एक युवक पन्नालाल को गंभीर घायल हो गया। इधर पथराव के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद सभी घायल दामडी अस्पताल पहुंचे और अपना उपचार करवाया। वही गंभीर घायल पन्नालाल का प्राथमिक उपचार के बाद डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वही पीड़ित पक्ष ने 20 नामजद हमलावरों के खिलाफ शिकायत दोवड़ा थाने में दी है। लेकिन फिलहाल पुलिस ने अभी तक किसी प्रकार का कोई मामला दर्ज नही किया है और हमलावर बेखौफ घूम रहे हैं। उल्लेखनीय है की पिछले साल भी इसी तरह की वारदात को आरोपियों ने अंजाम दिया था और तब भी मामला दर्ज नहीं होने से एक बार फिर वारदात घटित हुई है ।

होली खेल रहे युवाओं के बीच हुई झडप, एक युवक हुआ घायल वही बीच-बचाव में आया पुलिसकर्मी भी घायल

सागवाडा। जिले के सागवाडा थानान्तर्गत सागवाडा नगर के डबगर मोहल्ले में होली खेल रहे युवाओं को दो गुट में किसी बात को लेकर झडप हो गई। इस दौरान एक युवक घायल हो गया वही बीच-बचाव के लिए आया सागवाडा थाने का एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। दोनों घायलों को सागवाडा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। जिले के सागवाडा थाने के थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की कल शाम को सागवाडा नगर के डबगर मोहल्ले में होली खेल रहे दो युवाओं के गुट में किसी बात को लेकर झडप हो गई। जिसकी जानकारी सागवाडा थाने पर मिली। सुचना पर सागवाडा थाने से पुलिस कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और झडप कर रहे युवाओं को तितर-बितर करने की कोशिश की। इधर झडप में एक युवक और बीच-बचाव के लिए आया पुलिस कांस्टेबल घायल हो गए। सुचना पर सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी व अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा और घायलों को एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती करवाया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे जहा पर परिजनों ने पुलिस कांस्टेबल पर युवक से मारपीट कर घायल करने के आरोप लगाए। इस मौके पर सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने परिजनों से समझाइश करते हुए पूरा घटनाक्रम बताया जिसके बाद परिजन शांत हुए। इधर झडप में गंभीर घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। फिलहाल मामले में किसी भी पक्ष द्वारा कोई रिपोर्ट नहीं दी गई।

जिले में वर्दी वाली होली, पुलिस लाइन में खेली गई होली

एसपी-एएसपी के साथ पुलिसकर्मियों ने फ़िल्मी गानों में जमकर किया डांस बजाय ढोल

डूंगरपुर। जिले में होली के त्यौहार पर दो दिनों तक लोगो की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने आज शनिवार को अपनी होली बनाई और जमकर होली खेली। पुलिस लाइन में होली मिलन कार्यक्रम में एसपी से लेकर पुलिस के जवान ढोल कुंडी की थाप पर खुब नाचे। रंग गुलाल लगाया और होली का लुत्फ उठाया। वही इसके साथ जिले के थाना स्तर पर भी पुलिसकर्मियो ने जमकर होली खेली। जिले में होली पर दो दिन की ड्यूटी के बाद पुलिसकर्मियों ने आज होली का त्यौहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। डूंगरपुर पुलिस लाइन सहित सभी थाना स्तर पर पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। इस दौरान डूंगरपुर पुलिस लाइन में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक अनिल मीणा की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों की ओर से होली खेली गई। एसपी से लेकर जवानों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद एसपी सुधीर जोशी व एएसपी अनिल मीणा ने ढोल कुंडी बजाते हुए पुलिस के जवानों के साथ जमकर गैर नृत्य किया।

होली की मस्ती के दौरान पुलिस के जवानो ने एसपी सुधीर जोशी व एएसपी अनिल मीणा को अपने कंधो पर उठा लिया और दोनों अधिकारियो को कंधो पर बैठकर जमकर डांस किया। वहीं दोनों ही अधिकारियों समेत कई पुलिस के जवानों ने भी ढोल कुंडी लेकर बजाया। होली में लोगो की सुरक्षा में जुटे रहे पुलिसकर्मियों ने अपने अफसरों के साथ जमकर होली खेली और रंग गुलाल से रंगे हुए नजर आए। इस मौके पर एसपी सुधीर जोशी ने पुलिस के जवानो को आने वाले समय में अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी के साथ करने की सीख भी दी। इधर डूंगरपुर पुलिस लाइन की तरह जिले के सभी 13 थानों में भी होली खेली गई। थानाधिकारी के साथ ही पुलिस के जवानों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली का पूरा मजा लिया।

होली के दिन किशोरी ने घर मे फांसी लगाकर की आत्महत्या, ढूंढ़ोत्सव में भाग लेने गया था परिवार

आसपुर । डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के भाटडा गांव में होली के दिन एक किशोरी ने अपने घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर किशोरी की मौत के बाद घर मे होली की खुशियां मातम बदल गई। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। जिले के दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि भाटडा निवासी 17 वर्षीया सोनिया उर्फ सीमा परमार घर पर अकेली थी। सोनिया के पिता हुका, मां व छोटी बहन एक ढूंढ़ोत्सव में शामिल होने के लिए माथुगामडा गए हुए थे। इधर जब परिजन माथुगामडा से ढूंढ़ोत्सव का कार्यक्रम में भाग लेकर घर लौटे । इस दौरान सोनिया की छोटी बहन ने देखा की सोनिया का शव घर में ही छत की बल्ली से लटका हुआ था। छोटी बहन ने दौड़कर अपने पिता को इसकी सूचना दी। पिता इसके बाद घर के अंदर गए तो सोनिया के पिता हुका ने सोनिया के जीवित होने की संभावना के चलते रस्सी काटकर शव को नीचे उतारा, लेकिन तब तक सोनिया की मौत हो चुकी थी। मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना दोवड़ा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर दोवड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

मारपीट में घायल एक की मौत, हत्या के आरोप में परिजनों ने किया हंगामा, गैर खेलते वक्त बीच में बाइक घुसाने के बाद हुई थी मारपीट

चितरी। जिले के चितरी थाना क्षेत्र के भैरवजी मोरडी गाँव में होली की गैर खेलते वक्त बाइक बीच में घुसाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लड़ाई हुई। मारपीट में दो लोगों को चोटे आई थी। इधर घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान आज मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने मोर्चरी में हंगामा किया इधर चितरी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिले चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह ने बताया की राजेंद्र पुत्र राजू डामोर मीणा निवासी भैरवजी मोरडी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई हैं। इसमें बताया की कल शुक्रवार शाम के समय वह गांव में होली की गैर खेलने गया था। मोहन, प्रकाश, राकेश समेत गांव के लोगो के साथ गैर खेल रहा था। उसी समय गांव के ही दीपक मिश्रा का बेटा बाइक लेकर आ गया और गैर के बीच में घुस गया। इसे लेकर दोनों पक्षों में बोलचाल हो गई। गहमागहमी की बात लड़ाई तक आ गई। घटना पर पंकज मिश्रा समेत परिवार के लोग आ गए और जमकर मारपीट की। मारपीट की वजह से राजेंद्र डामोर मीणा, नारायण पुत्र लवजी डामोर मीणा को चोटे आई। घायल को सागवाड़ा हॉस्पिटल लेकर आए जहा उन्हें भर्ती करवाया गया। इधर आज सुबह उपचार के दौरान नारायण डामोर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह मय जाब्ता सागवाडा अस्पताल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। राजेंद्र डामोर ने बताया की आरोपी पंकज मिश्रा गांव की बिलानाम जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए वह आए दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है। घटना को लेकर परिजन हत्या को लेकर आरोप लगा रहे है। वहीं पुलिस आक्रोशित लोगों से समझाइश करते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

डूंगरपुर जिले में धुलंडी की धूम, शहर से लेकर देहात तक होली की मस्ती व रंगों में रंगे लोग

डूँगरपुर। जिले में होली के दूसरे दिन जिलेभर में धुलेंडी का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है । धुलंडी के पर्व पर शहर से लेकर देहात तक होली के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे है। जिले में हर कोई होली की मस्ती में चूर है। जिले में रंगों का त्यौहार होली पर जिला मुख्यालय सहित सागवाड़ा,आसपुर, सीमलवाड़ा, बिछीवाड़ा कस्बो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होली की धूम मची हुई। होली के मस्ती व रंगों में हर कोई रंगा नजर आ रहा है। धुलंडी पर्व पर लोग एक-दूसरे का रंग-गुलाल लगा रहे है और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दे रहे है । सुबह होते ही युवाओ, बच्चों की टोलियां ढोल-कुंडी की थाप के साथ धुलेंडी खेलने के लिए निकल पड़ी। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी गई। लोग से सुबह से ही होली के रंग में रंगकर ढोल-कुंडी की थाप पर होली के गीतों पर झूम रहे है। आम जन से लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारी सभी होली की मस्ती में चूर है। इधर नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ, पूर्व सभापति के के गुप्ता के निवास पर भी होली की धूम रही। बाहर से आये कलाकारों और शहरवासियो ने होली की गानों पर जमकर झूमे और ठुमके लगाए। डूंगरपुर शहर की प्रत्येक कॉलोनी में लोग अपने-अपने ढंग से होली मना रहे है और रंगों की मस्ती में चूर है। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अलग महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर कॉलोनी, गली और चौक चौराहे पर दिख रहा था। महिलाओं की टोली भी किसी से कम नहीं थी। घर की छत या अपार्टमेंट की छत पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। वही ग्रामीण क्षेत्रो में लोग अबीर गुलाल के साथ होली खेलने के साथ ढोल व कुंडी की थाप पर गैर खेली। 2 साल बाद होली से हटे कोरोना के साए से लोगो में जबर्दस्त उत्साह नजर आया। सुबह से शुरू हुआ रंग गुलाल और होली खेलने का दौर दिनभर चलता रहा। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा।

हजारों वर्षों से ग्रामीण निभा रहे है परम्परा

भीलूड़ा में होली पर रंग के साथ पत्थर भी बरसाए, 55 लोग घायल, 3 रैफर

सागवाड़ा। भीलूड़ा गांव में रघुनाथजी मंदिर के सामने मैदान में होली के रंग के साथ पत्थर बरसाएं गए। ढोल कुंडी की थाप पर होरिया की चीत्कार के साथ एक - दूसरे पर जमकर पत्थर फैंके। पत्थरबाजी में दोनो पक्षों के 55 लोग घायल हो गए। गंभीर घायल 3 लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। होली के दूसरे दिन शुक्रवार को डूंगरपुर के भीलूडा गांव में पत्थरमार होली खेली गई। शाम होते ही भीलूडा समेत आसपास गावों के लोग ढोल कुंडी की थाप पर गैर नृत्य करते हुए रघुनाथजी मंदिर के पास एकत्रित हुए। मंदिर में पूजा अर्चना की ओर फिर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद गावों के लोग दो गुटों में बंट गए और ढोल कुंडी की धुन के साथ नाचते हुए पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। होरियां की चीत्कार लगाते हुए दोनों पक्षों ने जमकर एक दूसरे पर पत्थर मारे। गोफन, गिलोर से दूर दूर तक पत्थर फैंके। वहीं पत्थरों की मार से बचने सिर पर रूमाल, ढाल लेकर बचने का प्रयास करते रहे। डेढ़ घंटे तक चली पत्थर मार होली से दोनो पक्षों के 55 लोगो को चोटे आई है। पत्थर सिर, हाथ पैर और मुंह पर लगे, जिससे खून बहने लगा। घायलों को भीलुडा अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने घायलों का इलाज किया। वहीं तीन गंभीर घायलों को सागवाड़ा हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। देर शाम को पत्थर मार होली खत्म हुई और फिर मंदिर में दर्शन कर लोग घरों को लोट गए। मान्यता है की पत्थर मार होली से जो खून जमीन पर गिरता है उससे गांव में कोई विघ्न नही आता है और गांव में खुशहाली रहती है।